# UPPCS Lower 2013 G.S (Prelims)

## [Series-D :: Code - DNB]

1. संघ लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन सौंपता है
   (a) प्रधान मंत्री को
   (b) राष्ट्रपति को
   (c) लोक सभा के अध्यक्ष को
   (d) गृहमंत्री को

2. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये लोक सभा तथा राज्य विधानसभाओं में सीटों के आरक्षण का प्रावधान किस संविधान संशोधन में किया गया है?
   (a) 76वें (b) 77वें
   (c) 78वें (d) 79वें

3. निम्नलिखित में से कौन संविधान के 73वें संशोधन में सम्मिलित है?
   (a) जिला पंचायत (b) क्षेत्र पंचायत
   (c) ग्राम पंचायत (d) नगर पंचायत
   नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:
   **कूटः**
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) सभी चारों

4. सिक्किम, निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन द्वारा एक नया राज्य बना?
   (a) 30वें (b) 34वें
   (c) 35वें (d) 36वें

5. भारत का उपराष्ट्रपति,
   (1) भारत का द्वितीय उच्चतम प्रतिष्ठित पदधारी है।
   (2) के पास अपने पद से जुड़ा कोई औपचारिक कार्य नहीं है।
   (3) राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उसके कार्य करता है।
   (4) राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है, यदि राष्ट्रपति त्यागपत्र देता है या पदच्युत किया जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है।
   नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये :
   **कूटः**
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) सभी चारों

6. उदारीकरण, निजीकरण और भूमण्डलीकरण की नई आर्थिक नीति घोषित की गई, प्रधान मंत्री
   (a) राजीव गांधी द्वारा
   (b) विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा
   (c) नरसिम्हा राव द्वारा
   (d) अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा

7. हमारे संविधान के किस भाग में तीन सोपानों में पंचायतें बनाने की परिकल्पना की गई है?
   (a) भाग 9 (b) भाग 10
   (c) भाग 11 (d) भाग 12

8. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना सिद्धांत (बुनियादी ढाँचा सिद्धांत) का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किस मुकदमे में किया है?
   (a) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
   (b) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य
   (c) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
   (d) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ

9. संसद के अधिकारियों में सम्मिलित हैं
   (a) लोक सभा के अध्यक्ष
   (b) लोक सभा के उपाध्यक्ष
   (c) लोक सभा के महासचिव
   (d) राज्य सभा के अध्यक्ष
   नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:
   **कूटः**
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) सभी चारों

10. प्रत्यक्ष बन्दीकरण अधिनियम के अन्तर्गत एक व्यक्ति बिना मुकदमा चलाए बन्दी बनाया जा सकता है
    (a) 1 माह के लिये (b) 3 माह के लिये
    (c) 6 माह के लिये (d) 9 माह के लिये

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
    (a) सर्वोच्च न्यायालय, भारत में अपील का उच्चतम न्यायालय है।
    (b) भारतीय संविधान में 18 भाषाओं को क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता दी गई है।
    (c) अनुच्छेद 35, अनुच्छेद 17 के साथ युक्त होकर संसद को छुआछूत के प्रयोग के लिये दण्ड निर्दिष्ट करने के लिये कानून बनाने का अधिकार देता है।
    (d) चार्टर ऐक्ट, 1813 को भारतीय स्वतंत्रताओं का 'अधिकार-पत्र' कहा जाता है।

12. 'इन्डियन वार ऑफ इन्डिपेन्डेन्स 1857' के लेखक थे?
    (a) वी.डी. सावरकर (b) आर.सी. मजूमदार
    (c) एस.एन.सेन (d) एस.बी. चौधरी

Drishti IAS

13. बाल गंगाधर तिलक को किसने 'अशान्ति का जनक' कहा?
   (a) लॉर्ड कर्जन (b) विन्सेन्ट स्मिथ
   (c) वेलेन्टाइल शिरोल (d) हेनरी काटन

14. 1937 में प्रान्तों में मंत्रिमंडल के निर्माण के उपरान्त कांग्रेस का शासन कितने महीने चला था?
   (a) 28 महीने (b) 29 महीने
   (c) 30 महीने (d) 31 महीने

15. आनुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था, निर्वाचन क्रियाप्रणाली के रूप में सुनिश्चित करती है
   (a) बहुमत के शासन को
   (b) सरकार में स्थिरता को
   (c) सामान्य राजनीतिक सोच को
   (d) अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   (1) गांधीवादी अर्थव्यवस्था आधारित है न्यासिता के सिद्धांत पर
   (2) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम, 1950 अन्तर्निहित है नवीं अनुसूची में
   (3) 60वें संविधान संशोधन द्वारा भारत में नागरिकों की मतदान करने की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई।
   (4) 1982 में मेधा पाटेकर ने 'शेतकारी संगठन' का गठन किया।
   इन कथनों में से :
   (a) केवल 1 और 2 सही हैं
   (b) केवल 2 और 3 सही हैं
   (c) केवल 3 और 4 सही हैं
   (d) सभी सही हैं।

17. निम्नलिखित कथनों में कौन-सा सही नहीं है?
   (a) भारतीय संविधान में कुल अनुच्छेदों की संख्या 395 है।
   (b) वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत किया जाता है।
   (c) मैडम कामा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं।
   (d) 'पॉलिटिक्स इन इन्डिया' रजनी कोठारी का पथप्रदर्शक शोध अध्ययन है।

18. जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में वाइसराय की कार्यकारिणी परिषद से किसने इस्तीफा दिया?
   (a) महात्मा गांधी (b) रबीन्द्रनाथ टैगोर
   (c) शंकरन नायर (d) जमनालाल बजाज

19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
   (a) महात्मा गांधी की आत्मकथा मूल रूप से गुजराती भाषा में लिखी गई थी।
   (b) सैडलर आयोग शिक्षा से जुड़ा है।
   (c) भारत में अंग्रेज़ी शिक्षा के प्रसार में सहायता करने के लिये हिन्दू कॉलेज कलकत्ता प्रथम संस्था थी।
   (d) लाला लाजपत राय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कभी भी नहीं चुने गए थे।

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   (1) आर्य समाज की स्थापना 1875 में हुई थी।
   (2) 'अल हिलाल' को मौलाना अबुल कलाम आजाद ने प्रकाशित किया था।
   (3) लाला लाजपत राय 'द पीपुल' समाचार पत्र से सम्बद्ध नहीं थे।
   (4) कलकत्ता के प्रसिद्ध प्रेसीडेन्सी कॉलेज (पूर्व हिन्दू कॉलेज) की स्थापना राजा राममोहन राय ने की थी।
   इस कथनों में से :
   (a) केवल 1 और 2 सही हैं।
   (b) केवल 2 और 3 सही हैं।
   (c) केवल 1, 2 और 4 सही हैं।
   (d) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।

21. बंगाल दुर्भिक्ष का वर्ष, जिसमें लाखों लोग दिवंगत हुए थे, क्या है?
   (a) 1942 (b) 1943
   (c) 1944 (d) 1945

22. किसके सुझावों पर भारतीयों को साइमन कमीशन से बाहर रखा गया?
   (a) लॉर्ड रीडिंग (b) लॉर्ड चेम्सफोर्ड
   (c) सर जॉन साइमन (d) लॉर्ड इरविन

23. भारत की शैक्षणिक नीति में 'फिल्टरेशन थ्योरी' के प्रतिपादक थे
   (a) चार्ल्स वुड (b) मैकॉले
   (c) जे.एस. मिल (d) कार्नवालिस

24. निम्नलिखित में से किसने वास्को-डि-गामा का कालीकट में स्वागत किया था?
   (a) गेस्पर कोरिया (b) अलबुर्क्वेक
   (c) जमोरिन (d) डॉन अलमेदा

25. कांग्रेस प्रशासित प्रदेशों में मुस्लिमों की शिकायतों से सम्बन्धित रिपोर्टों पर विचार कीजिये :
   (1) पीरपुर रिपोर्ट
   (2) शरीफ रिपोर्ट
   (3) मुस्लिम सफरिंग्स अन्डर कांग्रेस रूल

नीचे दिये गए कूट से रिपोर्टों के सही कालानुक्रम का चयन कीजियेः

**कूटः**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 1, 3

(c) 3, 1, 2 (d) 1, 3, 2

26. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?

(a) लाजपत राय – पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इन्डिया

(b) दादाभाई नौरोजी – अनहैप्पी इन्डिया

(c) रफीक जकारिया – दी मैन हू डिवाइडेड इन्डिया

(d) सुभाषचन्द्र बोस – गिल्टी मेन ऑफ इन्डियाज़ पार्टीशन

27. निम्नलिखित में से किसने बहरी ब्रिटिश सरकार को सुनाने हेतु केन्द्रीय विधान सभा में 8 अप्रैल, 1929 को बम फेंका था?

(1) भगतसिंह (2) सुखदेव

(3) राजगुरु (4) बटुकेश्वर दत्त

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट से कीजियेः

कूटः

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) 1 और 4

28. फ्रांसीसी ईस्ट इन्डिया कम्पनी का निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था?

(a) लुई तेरहवाँ (b) लुई चौदहवाँ

(c) लुई पन्द्रहवाँ (d) लुई सोलहवाँ

29. महाराष्ट्र में विधवा पुनर्विवाह हेतु अभियान का नेतृत्व किया

(a) विष्णु परशुराम पंडित ने

(b) बी.एम. मालाबारी ने

(c) गोपाल हरि देशमुख ने

(d) दादाभाई नौरोजी ने

30. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) लॉर्ड डलहौजी – अवध का विलीनीकरण

(b) लॉर्ड डफरिन – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना

(c) लॉर्ड विलियम बैंटिंक — चार्टर ऐक्ट, 1833 का पारित होना

(d) लॉर्ड लिटन — प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध का प्रारम्भ होना

31. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) भारत से प्रकाशित समाचारपत्र – द बंगाल गजट प्रथम

(b) ऑल इन्डिया हरिजन संघ के संस्थापक – महात्मा गांधी

(c) गदर आन्दोलन में सक्रिय भाग लेने वाले – हरदयाल, बाबा हरनामसिंह और तुंडिलात

(d) पिट्स इन्डिया अधिनियम पारित होने के समय बंगाल का गवर्नर जनरल – लॉर्ड मिन्टो

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

(1) अन्तरिम सरकार (1946) में रेल मंत्रालय का कार्य आसफ अली देखते थे।

(2) 'प्राचीन स्मारक संरक्षण कानून' जब लॉर्ड कर्जन गवर्नर जनरल थे, पारित हुआ था।

(3) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता सी.आर. दास ने की थी।

(4) रौलट ऐक्ट के विरोध में स्वामी श्रद्धानन्द ने लगान न देने का आन्दोलन चलाने का सुझाव दिया था।

इन कथनों में से :

(a) केवल 1 और 2 सही हैं।

(b) केवल 2 और 3 सही हैं।

(c) केवल 1, 2 और 4 सही हैं।

(d) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।

33. $\Delta ABC$ की भुजाओं BC, CA तथा AB के मध्य बिन्दु क्रमशः D, E, F हैं तो $\Delta DEF$ तथा $\Delta ABC$ के क्षेत्रफल का अनुपात है

(a) 1 : 2 (b) 1 : 3

(c) 1 : 4 (d) इनमें से कोई नहीं

34. रितु धारा की दिशा में नाव द्वारा 2 घंटे में 20 कि.मी. तथा धारा के विपरीत 2 घंटे में 4 कि.मी. तय करती है। धारा की चाल कि.मी./घंटा में है

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

35. तीन क्रमागत धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार हैं कि पहले के वर्ग तथा शेष दोनों के गुणनफल का योग 154 है। सबसे बड़ा पूर्णांक है

(a) 8 (b) 9

(c) 10 (d) 11

36. 22 मी. × 20 मी. की एक छत से वर्षा का पानी 2 मी. व्यास तथा 3.5 मी. ऊँचाई वाले एक बेलनाकार बर्तन में एकत्र किया जाता है। यदि बर्तन ठीक भर जाता है तो सेमी में वर्षा है :

$\left(\text{दिया है } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(a) 2.0 (b) 2.5

(c) 3.0 (d) 3.5

37. यदि 15, 25, 30, $x$ का ल.स.व. 300 हो, तो $x$ का न्यूनतम मान है
   (a) 20 (b) 12
   (c) 4 (d) 1

38. एक परिवार के 8 सदस्यों की आयु वर्षों में है : 2, 5, 8, 11, 31, 35, 55, 59. इस परिवार की माध्यिका आयु होगी
   (a) 21 वर्ष (b) 31 वर्ष
   (c) 11 वर्ष (d) 8 वर्ष

39. किसी नगर की जनसंख्या 4 वर्ष पूर्व 83521 थी। यदि उस नगर की वर्तमान जनसंख्या 104976 हो, तो जनसंख्या में प्रतिशत वार्षिक वृद्धि है
   (a) 3.66% (b) 4.72%
   (c) 5.38% (d) 5.88%

40. कितने वर्षों में 5% चक्रवृद्धि ब्याज की दर से ₹ 6,000, ₹ 6,945.75 हो जाएंगे?
   (a) 2 वर्षों में (b) 3 वर्षों में
   (c) 3½ वर्षों में (d) 2½ वर्षों में

41. 20 घोड़ों का क्रय मूल्य 16 घोड़ों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ का प्रतिशत है
   (a) 16% (b) 20%
   (c) 25% (d) 30%

42. चतुर्भुज ABCD के विकर्ण एक दूसरे को बिन्दु O पर इस प्रकार काटते हैं कि $\frac{AO}{OC}=\frac{BO}{OD}$ तो चतुर्भुज ABCD है
   (a) एक आयत
   (b) एक वर्ग
   (c) एक समानान्तर चतुर्भुज
   (d) एक समलम्ब

43. एक पिता की आयु अपने पुत्र की आयु से तीन गुनी है। 5 वर्ष बाद पिता की आयु का दुगुना पुत्र की आयु का पाँच गुना होगा। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु है
   (a) 30 वर्ष, 10 वर्ष (b) 45 वर्ष, 15 वर्ष
   (c) 36 वर्ष, 12 वर्ष (d) 42 वर्ष, 14 वर्ष

44. 3 पुरुष या 5 स्त्रियाँ किसी काम को 12 दिन में कर सकते हैं। 6 पुरुष तथा 5 स्त्रियाँ उसी काम को करने में कितना समय लेंगे?
   (a) 6 दिन (b) 5 दिन
   (c) 4 दिन (d) 3 दिन

45. एक भिन्न के अंश से 1 घटाने तथा हर में 2 जोड़ने पर वह 1/2 हो जाती है और अंश से 7 तथा हर से 2 घटाने पर 1/3 रह जाती है। वह भिन्न है
   (a) 5/6 (b) 11/14
   (c) 13/20 (d) 15/26

46. एक शंक्वाकार तम्बू की ऊँचाई 14 मी. तथा उसके फर्श का क्षेत्रफल 346.5 वर्गमीटर है, इसे बनाने में लगने वाले 1.1 मी. चौड़े कपड़े की लम्बाई है : $\left(\pi=\frac{22}{7}\right)$
   (a) 490 मी. (b) 525 मी.
   (c) 665 मी. (d) 860 मी.

47. यदि $x^3+ax^2-bx-6$ के $(x+1)$ तथा $(x-2)$ गुणनखण्ड हों, तो a और b के मान हैं
   (a) −2 और −5 (b) 2 और −5
   (c) −2 और 5 (d) 2 और 5

48. दो धनात्मक संख्याओं के वर्ग का योग 208 है। यदि बड़ी संख्या का वर्ग छोटी संख्या का 18 गुना हो, तो संख्याएँ होंगी
   (a) (10, 11) (b) (12, 8)
   (c) (108, 1) (d) इनमें से कोई नहीं

49. यदि एक आयत का परिमाप 76 और क्षेत्रफल 360 हो, तो उसकी सबसे छोटी भुजा की लम्बाई क्या है?
   (a) 36 (b) 20
   (c) 18 (d) 12

50. 'स्टाकहोम रिसर्च पीस इन्टरनेशनल इन्स्टीट्यूट' द्वारा हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक देश है
   (a) चीन (b) भारत
   (c) पाकिस्तान (d) दक्षिण कोरिया

51. 10 फरवरी, 2013 को आरम्भ हुआ चीनी नव वर्ष किस नाम से जाना जाता है?
   (a) ड्रैगन का वर्ष (b) घोड़ा का वर्ष
   (c) बैल का वर्ष (d) सर्प का वर्ष

52. 2013 के विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत को किस स्थान पर रखा गया है?
   (a) 125वें (b) 130वें
   (c) 135वें (d) 140वें

53. विम्बल्डन 2013 (पुरुष एकल) खिताब के विजेता थे?
   (a) एंडी मरे
   (b) जुआन मार्टिन डेल पोतरो
   (c) नोवाक जेकोविक
   (d) रोजर फेडरर

54. 22वें सुल्तान अजलान शाही हॉकी टूर्नामेन्ट में भाग लेने वाली भारतीय हॉकी टीम का कप्तान कौन था?
   (a) दानिश मुजतबा (b) गुर्जिन्दर सिंह
   (c) कोठाजीत सिंह (d) रूपिन्दर पाल सिंह

Drishti IAS

55. युगपत समीकरण

$5x + 7y = 21$ तथा

$3x - 9y = 15$

के हल हैं

(a) $x = \frac{49}{11}, y = \frac{2}{11}$

(b) $x = \frac{49}{11}, y = \frac{2}{11}$

(c) $x = \frac{49}{11}, y = -\frac{2}{11}$

(d) इनमें से कोई नहीं

56. उत्तर प्रदेश में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है

(a) बिजनौर एवं सुल्तानपुर में

(b) बदायूं एवं जौनपुर में

(c) बुलन्दशहर एवं हरदोई में

(d) एटा एवं प्रतापगढ़ में

57. उत्तर प्रदेश में आई.टी. सिटी की स्थापना की जा रही है

(a) इलाहाबाद में (b) कानपुर में

(c) लखनऊ में (d) वाराणसी में

58. निम्नलिखित में से किसे 2013 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

(a) आदि बी. गोदरेज (b) डॉ. कनक रेले

(c) डॉ. वी.के. सारस्वत (d) प्रो. आर. नरसिम्हा

59. फरवरी 2013 में सम्पन्न 85वें एकेडमी अवार्ड्स समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर जीता

(a) आर्गो ने (b) ले मिजरेबल्स ने

(c) लाइफ ऑफ पाई ने (d) लिंकन ने

60. जान केरी, जिन्हें हाल ही में अमेरिका का राज्य सचिव नियुक्त किया गया है, अपनी इस नियुक्ति के पूर्व थे

(a) सीनेट के विदेश मामलों की समिति के प्रमुख

(b) रक्षा मामलों में राष्ट्रपति के सलाहकार

(c) संयुक्त राष्ट्र संगठन में अमेरिका के राजदूत

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. 'ट्रान्जैक्शन शुल्क' जिसे ग्राहकों से वसूल करना सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक आदेश द्वारा रोक दिया गया है, सम्बन्धित है

(a) समुद्री यात्रा से (b) हवाई यात्रा से

(c) रेल यात्रा से (d) सड़क यात्रा से

62. 25 फरवरी, 2013 को श्रीहरिकोटा से भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) द्वारा 'सरल' उपग्रह के अलावा विदेशों के छः और उपग्रहों को अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया, इन देशों की संख्या थी

(a) 6 (b) 5

(c) 4 (d) 3

63. वर्ष 2015 में क्रिकेट विश्व कप आयोजित होगा?

(a) इंग्लैण्ड में

(b) ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड में

(c) दक्षिण अफ्रीका में

(d) वेस्टइन्डीज में

64. फरवरी-मार्च 2013 में सम्पन्न भारत ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला में "मैन ऑफ द सीरीज" किसे घोषित किया गया?

(a) चेतेश्वर पुजारा को (b) एम.एस. धोनी को

(c) रविन्द्र जडेजा को (d) आर. अश्विन को

65. जनवरी 2013 में मिलोस जीमान राष्ट्रपति चुने गए हैं

(a) चेक गणराज्य के (b) यूनान के

(c) सर्बिया के (d) स्लोवाकिया के

66. निम्नलिखित में से कौन विश्व का नवीनतम राष्ट्र है?

(a) इरीत्रिया (b) इथियोपिया

(c) कांगो (d) दक्षिण सूडान

67. निम्नलिखित में से कौन-सा देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) का सदस्य नहीं है?

(a) भारत (b) पाकिस्तान

(c) कम्बोडिया (d) नेपाल

68. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | केन्द्रीय धान अनुसंधान संस्थान | 1. झांसी |
| B. | खेती प्रणाली अनुसंधान निदेशालय | 2. भोपाल |
| C. | भारतीय मृदाविज्ञान संस्थान | 3. कटक |
| D. | शस्य वानिकी का राष्ट्रीय शोध केन्द्र | 4. मेरठ |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

69. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फरवरी 2013 में अधिसूचित 'पीड़ित मुआवजा योजना' के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा/से आच्छादित है/हैं?

(1) हत्या पीड़ित

(2) यौन दुष्कर्म पीड़ित

(3) युद्ध पीड़ित

(4) तेजाब के हमले से पीड़ित

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिये

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) सभी चारों

70. 14 फरवरी, 2013 को भारत तथा फ्रांस के बीच ₹ 30,000 करोड़ का एक रक्षा सौदा हुआ जिसके अन्तर्गत दोनों देश संयुक्त रूप से विकसित करेंगे

(a) जमीन से आकाश में मार करने वाली मिसाइल
(b) जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल
(c) आकाश से आकाश में मार करने वाली मिसाइल
(d) आकाश से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल

71. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्षेपास्त्र 12-3-2013 को ओडिशा के चांदीपुर से छोड़ा गया है?

(a) आकाश (b) पृथ्वी-2
(c) निर्भय (d) नाग

72. 'एगमार्क' का सम्बन्ध है

(a) संसाधन से
(b) गुणवत्ता से
(c) पैकेजिंग से
(d) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

73. नेशनल सेन्टर फॉर एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एण्ड पॉलिसी रिसर्च अवस्थित है?

(a) नई दिल्ली में (b) कोलकाता में
(c) हैदराबाद में (d) भोपाल में

74. सरकार द्वारा निर्धारित गेहूँ की खरीद हेतु 2013 में न्यूनतम समर्थन मूल्य है

(a) ₹ 1280/क्विंटल (b) ₹ 1300/क्विंटल
(c) ₹ 1350/क्विंटल (d) ₹ 1380/क्विंटल

75. गेहूँ में बौनेपन का जीन है?

(a) नोरिन-10
(b) डी.जी.वू. जेन
(c) ओपेक-2
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. कृषि उत्पादों की मांग पाई जाती है

(a) लचीली (b) शून्य लचीली
(c) स्थायकत्वहीन (d) अनन्त लचीली

77. जब कुल उत्पाद स्थिर होता है तो सीमान्त उत्पादन क्या होगा?

(a) शून्य (b) ऋणात्मक
(c) धनात्मक (d) स्थिर

78. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) कौशल, धान की एक प्रजाति है।
(b) भारत में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 1960 में हुई थी।
(c) केरल राज्य, नारियल का सर्वोच्च उत्पादक है।
(d) दलहनों का अधिकतम उत्पादन राजस्थान राज्य से प्राप्त होता है।

79. उत्तर प्रदेश में शस्य जलवायु क्षेत्रों की संख्या है

(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 11

80. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

(a) डॉ. बी.पी. पाल इन्डियन कौन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के प्रथम महानिदेशक थे।
(b) चावल उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।
(c) सोयाबीन के बीज में 20% तेल और 40% प्रोटीन होता है।
(d) 'अमन' धान बोया जाता है मार्च-अप्रैल में।

81. निम्नलिखित कथनों में कौन सा सही नहीं है?

(a) दलहनी फसल जो वायुमण्डल से नाइट्रोजन का स्थिरीकरण नहीं करती, वह है राजमा।
(b) PBW-343 और DBW-17 गेहूँ की प्रजातियाँ हैं।
(c) धान की खैरा बीमारी को जिंक सल्फेट के छिड़काव द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।
(d) UP AS-120 चने की एक प्रजाति है।

82. पौध संरक्षण, संगरोध एवं भण्डारण निदेशालय अवस्थित है

(a) अहमदाबाद में (b) हैदराबाद में
(c) फरीदाबाद में (d) नई दिल्ली में

83. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) कपास के रेशे की लम्बाई 1-5 सेमी होती है।
(b) बोरान एक सूक्ष्म पोषक तत्त्व है।
(c) पूसा बासमती धान के लिये संस्तुत उर्वरक खुराक (किग्रा/हेक्टेयर) में N(120), P(60), K(60) है।
(d) सेब का खाने वाला भाग है मीसोकार्प।

84. सब्जी वाली फसलों के लिये कैसा बाजार उपयुक्त होता है?

(a) अल्पकालीन (b) अति अल्पकालीन
(c) दीर्घकालीन (d) अति दीर्घकालीन

85. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) सेब की भण्डारण गुणवत्ता कैल्शियम की कमी से घटती है।
(b) भारत में, पश्चिमी बंगाल सर्वाधिक सब्जी उत्पादक राज्य है।
(c) अलसी तिलहनी फसल साल भर उगाई जा सकती है।
(d) तृतीय पीढ़ी की पीड़कनाशी को सर्वप्रथम सी.एम. विलियम्स ने प्रस्तावित/नामित किया।

Drishti IAS

86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   (1) भारत में गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त होता है।
   (2) उत्तर प्रदेश में अधिकतम क्षेत्रफल वाली फसल पद्धति धान-गेहूँ है।
   (3) एक प्रसार कर्मी के लिये राजनैतिक योग्यता आवश्यक नहीं है।
   (4) गेहूँ की सिंचाई के लिये पुष्प लगने की अवस्था सर्वाधिक क्रान्तिक अवस्था है।

   इन कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

87. खमीर एक उदाहरण है
   (a) जीवाणु का (b) कवक का
   (c) विषाणु का (d) शैवाल का

88. क्लोरोफिल (पर्णहरित) में पाया जाता है
   (a) लोहा (b) तांबा
   (c) मैग्नीशियम (d) मैंगनीज

89. झूठ का पता लगाने वाला यंत्र किस नाम से जाना जाता है?
   (a) पोलीग्राफ (b) पाइरोमीटर
   (c) गाइरोस्कोप (d) काइमोग्राफ

90. भोजन का विषाक्त होना (बाटुलिज्म) किस स्पीशीज के संदूषण से उत्पन्न होता है?
   (a) एजोटोबैक्टर के (b) लैक्टो बैसिलस के
   (c) क्लोस्ट्रिडियम के (d) राइजोबियम के

91. मरुभूमि के पादप अधिकतर होते हैं
   (a) वीवीपेरस (b) मांसल
   (c) शाकीय (d) विषमपर्णी

92. एड्स के लिये उत्तरदायी विषाणु उदाहरण है
   (a) ग्रन्थि विषाणु का (b) किर्मीर विषाणु का
   (c) टी-इवेन विषाणु का (d) रिट्रो विषाणु का

93. निम्नलिखित जंतुओं में से किसमें तीन प्रकोष्ठ वाला हृदय होता है?
   (a) बन्दर (b) मगर
   (c) मछली (d) मेंढक

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   (1) जेली रुदन का कारण, अम्ल की अधिकता है।
   (2) गन्ने के लिये सर्वाधिक अनुकूल जैव उर्वरक राइजोबियम है।
   (3) नमकीन पानी में उगाए गए पौधे थैलोफाइट्स कहलाते हैं।
   (4) सुषुप्तावस्था तोड़ने वाला हार्मोन है - साइटोकाइनिन।

   इन कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 और 4 (d) केवल 4 और 1

95. सूखा सहिष्णुता से सम्बन्धित हार्मोन है
   (a) एबसिसिक अम्ल
   (b) जिब्रेलिन
   (c) इन्डोल एसीटिक अम्ल
   (d) साइटोकाइनिन

96. हेकीस्टोथर्म पौधे हैं, जो उगते हैं
   (a) तेज प्रकाश में (b) अधिक ताप पर
   (c) बहुत कम ताप पर (d) बहुत कम प्रकाश में

97. डी.एन.ए. अंगुलिछापन और नैदानिक शोध केन्द्र अवस्थित है
   (a) पुणे में (b) नई दिल्ली में
   (c) हैदराबाद में (d) कोलकाता में

98. माइक्रो कम्प्यूटर को टेलीफोन से कौन सी पद्धति या व्यवस्था जोड़ती है?
   (a) वी.डी.यू. (b) मोडेम
   (c) यूनिक्स (d) उपर्युक्त सभी

99. निम्नलिखित ईंधनों में से कौन सा न्यूनतम पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न करता है?
   (a) डीजल
   (b) कोयला
   (c) हाइड्रोजन
   (d) केरोसीन (मिट्टी का तेल)

100. निम्नलिखित में से किसे $1500^0$ सेन्टीग्रेड से अधिक ताप मापन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है?
   (a) चिकित्सा सम्बन्धी थर्मामीटर
   (b) तापवैद्युतयुग्म थर्मामीटर
   (c) प्लेटिनम प्रतिरोध थर्मामीटर
   (d) पायरोमीटर

101. ट्यूमर संसूचित करने में प्रयुक्त रेडियो समस्थानिक है
   1. आर्सेनिक-74 2. कोबाल्ट-60
   3. सोडियम-24 4. कार्बन-14

102. निम्नलिखित विटामिनों में से कौन सा किसी स्वप्न को पर्याप्त समय तक याद रखने में मददगार है?
   (a) विटामिन A (b) विटामिन D
   (c) विटामिन B-6 (d) विटामिन C

103. "स्काई डाइव" निम्नलिखित में किस कम्पनी की क्लाउड कम्प्यूटिंग सेवा का नाम है?
   (a) वोडाफोन
   (b) बी.एस.एन.एल.
   (c) माइक्रोसॉफ्ट
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Drishti IAS

104. किसी अति चालक द्वारा प्राप्य अधिकतम ताप होता है
(a) 24 केल्विन (b) 133 केल्विन
(c) 150 केल्विन (d) 300 केल्विन

105. जल में वायु का एक बुलबुला कार्य करेगा
(a) उत्तल दर्पण जैसा (b) अवतल लेंस जैसा
(c) अवतल दर्पण जैसा (d) उत्तल लेंस जैसा

106. निम्नलिखित एस.आई. यूनिटों में कौन सी सही सुमेलित नहीं है?
(a) कार्य - जूल (b) बल - न्यूटन
(c) द्रव्यमान - कि.ग्रा. (d) दाब -डाईन

107. सितम्बर 2012 के अन्त में भारत ने सफलतापूर्वक अपने सर्वाधिक भार वाले संचार उपग्रह का प्रक्षेपण किया, जिसका नाम है
(a) OCEAN SAT (IRS P-4)
(b) LANDSAT - 10
(c) GSAT - 10
(d) SPOT

108. इसरो (ISRO) का सौवाँ स्पेश मिशन कहाँ से सितम्बर 2012 में छोड़ा गया?
(a) श्रीहरिकोटा (आन्ध्र प्रदेश) से
(b) महेन्द्रगिरि (तमिलनाडु) से
(c) थुम्बा (तिरुवनन्तपुरम, केरल) से
(d) बंगलुरू (कर्नाटक) से

109. आधुनिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल जैसी प्रौद्योगिकी को भारत ने किसके सहयोग से विकसित किया है?
(a) यू.एस.ए. (b) रूस
(c) फ्रांस (d) जापान

110. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में नगरीय जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?
(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) तमिलनाडु (d) पश्चिम बंगाल

111. निम्नलिखित में से किस देश में जनसंख्या का घनत्व सबसे कम है?
(a) कनाडा (b) फिनलैन्ड
(c) नार्वे (d) रूस

112. नाभिकीय शक्ति परियोजनाओं के अन्तर्गत पर्यावरणीय प्रभाव, जिनका अध्ययन किया जाना तथा हल निकाला जाना है, वे हैं
(a) वायु, मृदा एवं जल का रेडियोधर्मी दूषण।
(b) वन अपरोपण तथा पेड़-पौधों एवं जन्तु समूह की क्षति।
(c) रेडियोधर्मी अपशिष्ट का निस्तारण
(d) उपर्युक्त सभी

113. फरवरी 2013 में क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा मंगल ग्रह में सर्वप्रथम छिद्रित चट्टान को नासा (NASA) ने क्या नाम दिया?
(a) जॉन ग्रोटजिंगर (b) जॉन क्लाइन
(c) मार्शियन रॉक (d) पैट्रिक श्युएरमान

114. हाल में प्रदर्शित फिल्म "काई पो चे" किस उपन्यास पर आधारित है?
(a) लश्कर पर
(b) द लविंग डॉल पर
(c) द स्टोरी ऑफ माई मैरेज पर
(d) द 3 मिस्टेक्स ऑफ माई लाइफ पर

115. घरेलू वेदना की सूची (HMI) जो जीवन की गुणवत्ता पर जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव मापता है, में निम्नलिखित में कौन शामिल नहीं है?
(a) पक्का मकान
(b) सुरक्षित पेय जल
(c) विवाह के समय कम आयु
(d) खाना पकाने के लिये ईंधन

116. निम्नलिखित में से किस समिति की संस्तुतियों के आधार पर भारत में गरीबी रेखा का आकलन किया जाता है?
(a) दत्त समिति (b) लकडावाला समिति
(c) चैलेय्या समिति (d) चक्रवर्ती समिति

117. भारत में गरीबी का स्तर कायम किया जाता है इस आधार पर :
(a) विभिन्न प्रदेशों में प्रति व्यक्ति आय से
(b) औसत घरेलू आय से
(c) घरेलू उपभोक्ता के व्यय द्वारा
(d) देश की मलिन आबादी द्वारा

118. भारत में वन संरक्षण अधिनियम कब पारित किया गया?
(a) 1978 (b) 1979
(c) 1980 (d) 1981

119. बाजार एक आर्थिक प्रवृत्ति है जो निम्नलिखित में से किस ओर रुझान पैदा करती है?
(a) व्यक्तिवाद की ओर (b) उपभोक्तावाद की ओर
(c) समष्टिवाद की ओर (d) पूँजीवाद की ओर

120. निम्नलिखित में से कौन ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अंशदान नहीं देता है?
(a) पशुपालन
(b) कुटीर उद्योग
(c) निजी धन उधार देने का प्रचलन
(d) अच्छे उपकरणों की उपलब्धता

Drishti IAS

121. दक्षिण एशिया में वृद्ध जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत वाला देश है
(a) भूटान (b) भारत
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

122. साख पत्र उत्पन्न/प्रस्तुत किया जाता है
(a) एक निर्यातक द्वारा
(b) एक आयातकर्ता द्वारा
(c) सीमा-शुल्क अधिकारियों द्वारा
(d) जहाजी कम्पनी द्वारा

123. किसी देश की आर्थिक वृद्धि का सबसे उपयुक्त पैमाना है
(a) सकल घरेलू उत्पाद (b) शुद्ध घरेलू उत्पाद
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (d) प्रति व्यक्ति उत्पाद

124. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?
(a) 'गोल्डेन हैन्ड शेक स्कीम' का सम्बन्ध स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से है।
(b) एक संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी का वास्तविक स्वामित्व अंशधारियों के पास होता है।
(c) मानव विकास रिपोर्ट - 2010 के अनुसार भारत में औसत स्कूल अवधि व सम्भाव्य स्कूल अवधि क्रमशः हैं 4.4 और 10.3।
(d) भारत के जनसंख्या प्रक्षेपण के सन्दर्भ में 'आयु भूकम्प' अवधारणा का सम्बन्ध है बाल आयु जनसंख्या से।

125. ब्याज की वह दर जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि कोष उधार देता है, कहलाती है
(a) रिपो दर
(b) रिवर्स रिपो दर
(c) प्रमुख (प्राथमिक) उधारी दर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

126. निम्नलिखित में गलत युग्म को इंगित कीजिये :
(a) कानपुर - चमड़ा
(b) वाराणसी - सीमेंट
(c) मेरठ - चीनी
(d) सहारनपुर - कागज

127. भारत का बीसवाँ परमाणु बिजलीघर है
(a) तारापुर
(b) रावतभाटा
(c) कैगा (कर्नाटक)
(d) नरोरा (उ.प्र.)

128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
(1) भारत में, उत्तर प्रदेश को सबसे लम्बे सड़क मार्ग के लिये नहीं जाना जाता है।
(2) माल के आयात के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक विनिमय की स्वीकृति देता है।
(3) नगरीकरण का अभिलक्षण है, ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों में लोगों का प्रवसन।
(4) इन्डस परियोजना भारत सरकार के श्रम विभाग तथा कनाडा की संयुक्त परियोजना थी।

इन कथनों में कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

129. केलिफोर्निया (यू.एस.ए.) के निम्नलिखित नगरों में से कौन-सा 'सिलिकॉन घाटी' के अन्तर्गत अवस्थित नहीं है?
(a) कैम्पबेल (b) पालो आल्टो
(c) सान्ता रोसा (d) सान्ता क्लारा

130. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | कोको | 1. आइवरी कोस्ट |
| B. | कहवा | 2. केन्या |
| C. | चाय | 3. दक्षिण अफ्रीका |
| D. | गन्ना | 4. घाना |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

131. विश्व की सबसे लम्बी शैल सुरंग (रॉक टनल) अवस्थित है
(a) फिनलैण्ड में (b) ग्रीनलैण्ड में
(c) जापान में (d) स्वीडन में

132. निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन 'टोडा जनजाति' का मूल निवास क्षेत्र है?
(a) जौनसार पहाड़ियाँ (b) गारो पहाड़ियाँ
(c) नीलगिरि पहाड़ियाँ (d) जयन्तिया पहाड़ियाँ

133. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
(a) बोस्निया ऐसा देश है जो 'बाल्कन्स' वर्ग से सम्बन्धित नहीं है।
(b) ऑस्ट्रेलिया का उत्तरी पूर्वी भूभाग भूमध्य सागरीय जलवायु से प्रभावित नहीं होता है।
(c) नोवा स्कोटिया कोयला क्षेत्र कजाखिस्तान में स्थित है।
(d) वर्तमान में, विश्व के देशों में चीन कपास का सबसे बड़ा उत्पादक है।

Drishti IAS

134. निम्नलिखित में से कौन-सा शीतोष्ण घास प्रदेश नहीं है?
(a) सवाना (b) पम्पाज़
(c) वेल्ड (d) डाउन्स

135. विश्व का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भण्डार स्थित है?
(a) वेनेजुएला में (b) सऊदी अरब में
(c) ईरान में (d) इराक में

136. भारत को कितने भूकम्पीय जोखिम अंचलों में विभाजित किया गया है?
(a) 5 (b) 6
(c) 4 (d) 7

137. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?
(a) नंगल बाँध - सतलज नदी
(b) सरदार सरोवर परियोजना - नर्मदा नदी
(c) नागार्जुन सागर - गोदावरी नदी
(d) हीराकुंड बाँध - महानदी

138. भारत सरकार ने निम्नलिखित एल्यूमिनियम कम्पनियों में किस एक को 'नवरत्न स्टेटस' प्रदान किया है?
(a) नाल्को (NALCO)
(b) बाल्को (BALCO)
(c) हिंडाल्को (HINDALCO)
(d) माल्को (MALCO)

139. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (जनजाति)** | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. भोटिया | 1. तमिलनाडु |
| B. टोडा | 2. झारखण्ड |
| C. सेण्टेनेल | 3. सिक्किम |
| D. बीरहोर | 4. अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

140. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) लिपुलेख - उत्तराखण्ड
(b) नाथूला - अरुणाचल प्रदेश
(c) रोहतांग - हिमाचल प्रदेश
(d) पालघाट - केरल

141. निम्नलिखित देशान्तरों में कौन सी भारत की 'प्रमाणिक मध्याह्न रेखा' कहलाती है?
(a) $87^0$ 30' E (b) $85^0$ 30' E
(c) $84^0$ 30' E (d) $82^0$ 30' E

142. निम्नलिखित कथनों में कौन सा सही नहीं है?
(a) बिहार राज्य, लाख का भारत में सर्वोच्च उत्पादक है।
(b) योजना आयोग ने भारत को कृषि जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया है।
(c) कुन्चोकल जलप्रपात भारत के कर्नाटक राज्य में अवस्थित है।
(d) भारत में आन्ध्र प्रदेश चावल का सर्वाधिक उत्पादक है।

143. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (राष्ट्रीय उद्यान)** | **सूची-II (अवस्थिति)** |
|---|---|
| A. काजीरंगा | 1. चिकमगलूर |
| B. कुद्रेमुख | 2. पालघाट |
| C. साइलेण्ट वैली (शान्त घाटी) | 3. नागपुर |
| D. पेंच घाटी | 4. गोलाघाट नवगाँव |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

144. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (प्रकृति)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. सर्वाधिक शहरीकृत राज्य | 1. दिल्ली |
| B. अधिकतम शहरी आबादी वाला राज्य | 2. अरुणाचल प्रदेश |
| C. अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | 3. महाराष्ट्र |
| D. सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | 4. तमिलनाडु |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

Drishti IAS

145. भारत के निम्नलिखित पारिस्थितिकी क्षेत्रों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) दक्षिण पश्चिम घाट - आर्द्र वन

(b) तराई दुआर - चौड़ी पत्ती वाले वन

(c) कच्छ का रण - घास के प्रदेश

(d) पूर्वी दक्कन पठार - आर्द्र वन

146. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य का नीति निर्देशक तत्त्व नहीं है?

(a) मादक पेयों के उपभोग का निषेध करना।

(b) गायों और बछड़ों के वध का निषेध करना।

(c) पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन।

(d) 16 वर्ष की आयु तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा।

147. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) के.एम. मुन्शी संविधान का प्रारूप बनाने वाली समिति के एक सदस्य थे।

(b) संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान स्वीकार किया गया।

(c) बलवन्त राय मेहता समिति रिपोर्ट 1957 द्वारा पंचायती राज की संस्तुति की गई।

(d) संविधान के अन्तर्गत मूल अधिकारों का संरक्षक भारत का राष्ट्रपति है।

148. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (केन्द्र)** | **सूची-II (उद्योग)** |
|---|---|
| A. कांकीनारा | 1. कारपेट |
| B. विरुधनगर | 2. जूट |
| C. चन्नापटना | 3. सूती वस्त्र |
| D. भदोही | 4. रेशम |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

149. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय संविधान के उद्देश्यों को प्रतिबिम्बित करता है?

(a) मौलिक अधिकार

(b) संविधान की प्रस्तावना

(c) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व

(d) संसद

150. निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकार नहीं है?

(a) समानता का अधिकार

(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(c) सम्पत्ति का अधिकार

(d) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

Drishti IAS